शिविर | 13 से 15 मार्च तकस्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन, सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य संस्थानों के विषय विशेषज्ञो द्वारा की जाएगी नि:शुल्क चिकित्सा

उप मुख्यमंत्री आज करेंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

नवभारत, शहडोल । प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय आईटीआई परिसर में रोटरी क्लब शहडोल, मण्डला मैकल एवं जबलपुर, राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन तथा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में 13 मार्च को तीन दिवसीय आयोजित होने वाले विशाल रोटरी राहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आयोजित होने वाले 03 दिवसीय (13 मार्च से 15 मार्च) नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शीतल पेयजल एवं छायादार बैठक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध रहे एवं मरीजो को शिविर स्थल में उपचार एवं चिकित्सको को द्वारा परामर्श दिए जाने संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सक सुविधाओ, उपकरणो, ब्लड की उपलब्धता, सोनोग्राफी, वाहन पार्किंग, ठहरने की व्यवस्था जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि 13,14 एवं 15 मार्च को प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में सुपर स्पेशियलिटी विभागो के विशेषज्ञो द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा, जिसमें कैंसर रोग, रीढ़ रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, छाती एवं श्वास, शिशु रोग, किडनी, घुटनो, मूत्र, चर्म,कटे फटे होंठ, नाक कान,गला आदि शामिल है। साथ ही डिजीटल एक्स-रे, सोनोग्राफी ईको, ईसीजी कैंसर की जांच ऑख की जांच, डायबिटीज की जांच फेफ्डो की कार्यक्षमता की परीक्षण की जांच नि:शुल्क की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रोटरी क्लब के सदस्य एवं निजी अस्पतालो के चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।शिविर स्थल में आने वाले मरीजों के पंजीयन परामर्श, चिकित्सकों के बैठक व्यवस्था, दवा वितरण के लिए अलग-अलग काउन्टर बनाए गए हैं। आईटीआई के प्रशासनिक भवन में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था तथा विभिन्न जांचों हेतु उपकरणों की व्यवस्था की गई है। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था पेमेन्ट के आधार पर ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित दीदी कैफे के माध्यम से की गई है।

जनजातीय कला और हस्तशिल्प पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

▶ परंपराओं की समृद्ध विरासत पर हुआ विमर्श

नवभारत, जयसिंहनगर। पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर, जिला शहडोल में पीएम उषा योजना (मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग) के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय जनजातियों में कलाएं एवं हस्तशिल्प: प्राचीनता से नवीनता तक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 12 मार्च 2026 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे अतिथियों का स्वागत बुके और बैज से किया गया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने आशीर्वचन देते हुए जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. नीलिमा खरे ने जनजातीय काष्ठ शिल्प की परंपरा और उसके सामाजिक महत्व पर अपने विचार रखे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के डॉ. मनोज कुमार सिंह ने जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विषय पर समाजशास्त्र विभाग की डॉ. प्रीति रजक ने विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता का परिचय डॉ. तबस्सुम शेख (हिंदी विभाग) द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के डॉ. विनोद रस्तोगी ने गोंड और बैगा जनजाति के कलाकारों द्वारा स्थानीय स्तर से वैश्विक पहचान बनाने की प्रक्रिया, दुर्खीम की अवधारणाओं तथा कोहबर प्रथा पर विस्तार से चर्चा की। वहीं विशिष्ट वक्ता के रूप में शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा (छत्तीसगढ़) के समाजशास्त्र विभाग के डॉ. ए.डी. बघेल ने जनजातीय जीवन शैली, नृत्य कला और गोदना कला के जीवंत उदाहरणों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की विशिष्टता को रेखांकित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ मेरी मां है तो मध्यप्रदेश मेरी बड़ी मां है और मैं अपनी बड़ी मां की गोद में आया हूं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमिला वास्केल (सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पीएम उषा प्रभारी एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष गजेंद्र परते ने किया।

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

▶ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को अतिथियों द्वारा किया गया पुरस्कृत

नवभारत, शहडोल । राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अध्यक्ष जिला पंचायत प्रभा मिश्रा ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड, प्रतीक स्वरूप चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के सभी जनपदों से बालक वर्ग की 8 टीम एवं बालिका वर्ग की 4 टीमों सहित कुल 12 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नगर पालिका शहडोल की टीम ने प्रथम स्थान, बुढ़ार ने द्वितीय स्थान तथा ब्यौहारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार बालिका वर्ग में जनपद पंचायत सोहागपुर की टीम ने प्रथम स्थान, जनपद पंचायत जयसिंहनगर ने द्वितीय स्थान तथा पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 5,100 रुपये की राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला समन्वयक अखिलेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब द्वारा 41 यूनिट रक्त का किया गया संग्रहण

▶ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्जरी हेतु रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत, शहडोल । जिला मुख्यालय शहडोल में आईटीआई कैम्पस में 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले रोटरी राहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्जरी हेतु रक्त की आवश्यकता को देखते हुए जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 11 मार्च को रोटरी क्लब शहडोल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 41 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

रक्तदान शिविर में ब्राइटन स्कूल के स्टाफतथा दिव्य मुस्कान क्लब की महिला सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय की सिविल सर्जन एवं रोटेरियन डॉ. शिल्पी सराफ, डॉ. शमीम अंसारी तथा ब्लड बैंक के स्टाफका विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा भी उपस्थित रहीं और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

रक्तदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में विजय दुबे, राजेश गुप्ता, मनीष केजरीवाल, विपिन द्विवेदी, विनय तिवारी, मनीष केजरीवाल, डॉ. दीपक कुशवाहा, सोमेश गुप्ता, प्राशी आसवानी, सुरजीत सिंह, साक्षी दुबे, संजय मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, गौरव ओचानी, ज्योति मांझी, विशाल कुशवाहा, रमेश तिवारी, कृष्णा सोनी, पार्थ द्विवेदी, गोविंद यादव, मंजू गुप्ता, निभा गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, वंदिता गुप्ता, मोहित सिंह, अभिषेक शर्मा, जयप्रकाश साहू, पलक गुप्ता, संदीप साहू, अमित बजाज, सारांश गुप्ता, आशीष कुमार साहू, सोन किरण ताम्रकार, राजेश्वरी गुप्ता, आशीष निगम तथा क्षितिज कटारे शामिल रहे। वहीं रोटेरियन परिवार से अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता की पुत्री कु. आकांक्षा गुप्ता एवं पुत्र सोमेश गुप्ता ने भी रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठान श्री कृष्णा ज्वेलर्स के कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन प्रकाश गुप्ता, अजय विजरा, संजय शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता बंटी, अमित कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक गर्ग, दलजीत सिंह, विवेक खोडियार, सत्येंद्र सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता एवं रविशंकर पाठक, विनोद प्रधान सहित अन्य रोटेरियन साथियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान एवं कोषाध्यक्ष रवि शंकर पाठक ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी रोटेरियन साथियों, रक्तदाताओं तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

दिव्य मुस्कान क्लब ने महिलाओं को दी योग की जानकारी

नवभारत, शहडोल। समाजसेवा के क्षेत्र में दिव्य मुस्कान महिला क्लब शहडोल ने एक दशक के भीतर सेवा भावी भावना से शहरी तथा ग्रामीणजनों के बीच अपना एक अलग स्थान बनाया है । गत दिवस ही इस संस्था का वार्षिक प्रति वेदन पढते हुये संस्था की संस्थापिका एवं वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता ने बताया कि दिव्य मुस्कान महिला क्लब में सबसे बेहतर बात यही है कि यहां हर मेम्बर क्लब के काम का सहभागी बनता है और स्वस्फूर्त भावना से संस्था का काम करता है क्यों कि संस्था का वॉयलाज अभिव्यक्ति की पूरी आजादी देता है ।यहां रोटेशन में अध्यक्ष के पद पर संस्था गत , संस्थापक ही रोटेक्ट होते हैं । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सद्प्रयासों से देश का प्राचीन योग आज दुनिया के तमाम देशों में लोकप्रियता अर्जित कर रहा है,नारी सशक्तिकरण की दिशा में महिला दिवस के पूर्व इसी बैठक में लाहोरानी योगाचार्य सुश्री प्रियंकाएवं प्रिया लाहोरानी ने श्री श्री10001श्री रविशंकर जी की सुदर्शन प्रक्रिया से सभी सदस्य बहनों को अनुलोम- विलोम के साथ ही कपालभांति का अभ्यास कराया और ध्यान के भी कई टिप्स बहनों को बताये । क्लब की बैठक में अध्यक्ष के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें साल भर की रचनात्मक एवं लोकहितैषी कार्यों का विवरण शामिल था। विभिन्न प्रतिभाशाली बहनों को स्मृति चिन्ह एवं वार्षिक उपहार अध्यक्ष एवं संस्थापिका द्वारा वितरित किये गये । बैठक में रोचक गेम कॉम्पटीशन भी हुये । मुख्य रुप से सदस्यों ने अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता के उपलब्धिपूर्ण दो वर्षीय कार्यकाल को मुक्तकंठ से सराहा । बैठक की मेजबानी अनुपमा, हेमा, रेखा गुप्ता संजू मोर डेजी सिंह, ममता गुप्ता ने किया। बैठक में क्लब की संरक्षिका श्रीमती मंजू गुप्ता नीति सिंघल उपाध्यक्ष छाया गुप्ता एवं समस्त सदस्य बहाने उपस्थित रही।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संघ आज कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

नवभारत,शहडोल। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर जारी आदेश के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सहित अन्य शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, जिला शहडोल द्वारा 13 मार्च 2026 (शुक्रवार) को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ तथा मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के साथ संयुक्त रूप से विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। संघ ने जिले के सभी शिक्षकों से जिला कलेक्ट्रेट के सामने जय स्तंभ परिसर में शाम 4 बजे एकत्रित होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की है। साथ ही जिला की सभी इकाइयों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक शिक्षकों के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। संघ का कहना है कि यह आंदोलन शिक्षक हितों की रक्षा और उनके साथ हो रहे अन्याय के विरोध में किया जा रहा है।

शासकीय उद्यान नर्सरी जयसिंहनगर में महुआ फूल की नीलामी आयोजित

▶ नीलामी मेंसम्मिलित हुए प्रतिभागी

नवभारत, जयसिंहनगर । विगत दिनांक 12 मार्च 2026 दिन गुरुवार समय 2:00 बजे से शासकीय उद्यान नर्सरी कैंपस के अन्दर विधि वत नियमानुसार एवं गाइडलाइन शत के अनुसार बोली संपन्न हुआ जिसमें कई किसान बोलीं में हिस्सालेते हुए महुआ फूल की बोली बोले तथा उद्यान अधीक्षक अमर सिंह मरावी तथा शिखा शुक्ला उद्यान विस्तार अधिकारी धर्मेंद्र बागरी ए एसडीओ शेर सिंह कृषि विस्तार अधिकारी तथा नगर के वरिष्ठ नागरिक रामलाल खटीक सूरज प्यासी एवं कई किसान बोली में भाग लिए ।

बैठक | कोयला उत्पादन सुरक्षा के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

सोहागपुर में निदेशक योजना एवं परियोजना आरसी महापात्र ने समीक्षा बैठक आयोजित की

नवभारत, धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर गेस्ट हाउस में आज बिलासपुर मुख्यालय से आए निदेशक योजना एवं परियोजना आर सी महापात्रा ने समीक्षा बैठक आयोजित की मार्च महीने में जब एरिया को अपना वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करना है ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी बैठक में एरिया महाप्रबंधक बीके जेना महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव एरिया के समस्त उप क्षेत्रीय प्रबंधक विभाग अध्यक्ष खान प्रबंधक तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में सर्वप्रथम एरिया महाप्रबंधक बीके जेना ने निदेशक योजना एवं परियोजना आर सी महापात्रा का गुलदस्ता देकर स्वागत किया । सोहागपुर एरिया में आयोजित हुई इस समीक्षा बैठक में एरिया के उत्पादन उत्पादकता एवं सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई निर्देशक योजना एवं परियोजना आर सी महापात्रा ने एरिया के कोयला उत्पादन से संबंधित विषयों पर बैठक में सभी अधिकारियों से चर्चा की बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यालय के द्वारा जो वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है उसे सुरक्षा के साथ पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े इसके साथ-साथ अगर कोई बात है तो इससे अवगत कारण जिसे दूर भी किया जाएगा वर्तमान समय में चल रहे एरिया के कोयला उत्पादन पर भी उन्होंने चर्चा की और इस बात को कहा कि 31 मार्च को कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करना है जिसे देखते हुए कोयला उत्पादन और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने की बात भी उन्होंने कही पाठक में उन्होंने एरिया की समस्त कोयला खदानों में जो कोयला उत्पादन चल रहा है उसे पर भी विस्तार से जानकारी ली और सभी उपक्षेत्रीय प्रबंधकों को यह बात भी कही गई की जो वार्षिक लक्ष्य दिया गया है उसे समय रहते पूरा करने की दिशा में सुरक्षा के साथ और तेजी से काम किया जाए इसके साथ-साथ उन्होंने एरिया की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर भी बैठक में चर्चा की और कहा कि कोयला उत्पादन जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण सुरक्षा है जिस बात का भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए इसके साथ-साथ उन्होंने एरिया के और भी कहीं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। समीक्षा बैठक में एरिया महाप्रबंधक बी के जेना ने एरिया के वर्तमान समय में चल रहे कोयला उत्पादन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और इस बात को कहा कि मुख्यालय के द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है उसे प्राप्त करने की दिशा में सोहागपुर एरिया लगातार आगे बढ़ रहा है एरिया की समस्त कोयला खदानों में उत्पादन बढ़ा है और सुरक्षा के साथ उत्पादन बढ़ाने की दिशा में और अधिक प्रयास किया जा रहा है महाप्रबंधक ने एरिया के अब तक हुए कोयला उत्पादन के संबंध में भी अपनी बात रखी और एरिया में प्रतिदिन जो कोयला उत्पादन हो रहा है इस समीक्षा बैठक में इस बात को लेकर भी चर्चा की गई।

आज इस समीक्षा बैठक में कोयला उत्पादन और सुरक्षा से संबंधित जिन विषयों पर चर्चा की गई अगर देखा जाए तो वह काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि 31 मार्च को एरिया को अपना वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करना है जिस तरह से पिछले कुछ दिनों में एरिया के समस्त खदानों में उत्पादन बढ़ा है उसे देखकर अब इस बात को भी कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में उत्पादन और बढ़ेगा और एरिया को जो लक्ष्य दिया गया है उसे प्राप्त करने की दिशा में वह और तेजी से आगे बढ़ेगी वैसे भी दामिनी भूमिगत खदान में आज से सीएम प्रोजेक्ट का उद्घाटन होने के साथ ही कोयला उत्पादन और बढ़ेगा अमलाई ओपन कास्ट में भी कोयला उत्पादन शुरू करने की दिशा में एरिया प्रबंधन तेजी से आगे बढ़ रहा है उम्मीद है कि आने वाली दिनों में इस ओपन कास्ट से भी कोयला उत्पादन शुरू हो जाएगा।

वैश्य दिवस और गुड़ी पड़वा पर 19 को निकालेगी वाहन रैली

नवभारत, शहडोल। वैश्य समाज की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश, जिला शहडोल द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 19 मार्च को शाम 5 बजे वैश्य दिवस एवं गुड़ी पड़वा के अवसर पर भव्य वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया। रैली शहर के बुढार रोड स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समाज के युवा, महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में बताया गया कि वैश्य दिवस समाज के परिश्रम, उद्यमशीलता और सामाजिक योगदान का प्रतीक है, वहीं गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष का शुभारंभ माना जाता है। इन दोनों अवसरों को एक साथ उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए योगेश गुप्ता 'मिंकू' और अतुल गुप्ता 'अतुल सदन' को आयोजन प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रैली को सफल बनाने की अपील की है।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी संवाद और सहयोग को मजबूत करते हैं। रैली के दौरान अनुशासन और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की गई। बैठक की जानकारी जिला प्रभारी विजय ताम्रकार, जिलाध्यक्ष अमित सोनी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर इसे भव्य और यादगार बनाने का आह्वान किया।